# छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल, रायपुर

(पूर्व नाम– छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल)

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

**Phone No.- 0771-2972780,** Website- https://cgssb.cgstate.gov.in


क्रमांक / एस.एस.बी. / परीक्षा एफ–20 / 2026 / ३१५० — रायपुर, दिनांक २२/०७/२६

## परीक्षा निर्देश
## उच्च शिक्षा संचालनालय के अंतर्गत
## छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (SET26)

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि | – | **23.07.2026 (गुरूवार)** |
| 2. | ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि | – | **17.08.2026 (सोमवार) सायं 5:00 बजे तक** |
| 3. | त्रुटि सुधार | – | **18.08.2026 से 20.08.2026, सायं 5:00 बजे तक** |
| 4. | **परीक्षा की संभावित तिथि एवं समय** | – | **04.10.2026 (रविवार)** |
| | **Paper –I** | – | **पूर्वान्ह 10:00 बजे से 11:15 बजे तक** |
| | **Paper –II** | – | **अपरान्ह 2:00 बजे से 4:15 बजे तक** |
| 5. | वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की संभावित तिथि | – | **28.09.2026 (सोमवार)** |
| 6. | परीक्षा केन्द्र | – | **10 जिला मुख्यालयों में** |

महत्वपूर्ण टीप –

1. अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से आवेदकों के प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) की व्यवस्था पोर्टल पर की है। एक बार प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करने के बाद परीक्षा विशेष के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक को बार–बार व्यक्तिगत जानकारी नहीं भरनी होगी। यह जानकारी उनके प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) से स्वमेव आ जायेगी ।
2. ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी की जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी, शैक्षणिक योग्यता, दिव्यांगता, भूतपूर्व सैनिक आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं। अभ्यर्थी द्वारा दी गई कोई भी जानकारी के लिए CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) जवाबदार नहीं होगा। इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का स्वयं का होगा। आवेदन से सम्बंधित जानकारी ध्यानपूर्वक भरें।
3. अभ्यर्थी द्वारा आवेदन भरने में यदि कोई त्रुटि हुई हो तो, उसे सुधारने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि के पश्चात 03 दिवस का समय दिया गया है। इस दौरान अभ्यर्थी को त्रुटि सुधार स्वयं करना होगा ।
4. अभ्यर्थी का परीक्षा परिणाम अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में भरी गई जानकारी के आधार पर ही जारी किया जायेगा । किसी भी स्तर पर CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) द्वारा कोई सुधार नहीं किया जायेगा ।
5. ऑनलाइन आवेदन करते समय, परीक्षा शुल्क का सफलतापूर्वक भुगतान करने के बाद अभ्यर्थी अपने आवेदन को "SUBMIT" करने हेतु अनिवार्य रूप से "SUBMIT" बटन दबाएँ । ऑनलाइन आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक "SUBMIT" करने के बाद कृपया अभ्यर्थी इसका प्रिंट आउट अनिवार्य रूप से लें व अपने पास रखें ।
6. छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी, जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं, उसका परीक्षा शुल्क CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) द्वारा वापस कर दिया जावेगा । परीक्षा शुल्क उसी बैंक खाता में वापस किया जावेगा, जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन का परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है ।
7. आवेदन भरने के पूर्व विभाग द्वारा जारी पात्रता नियमों को ध्यान से पढ़ें तथा पात्र होने पर ही आवेदन करें ।
8. वेबसाइट https://cgssb.cgstate.gov.in पर नया ऑनलाइन **प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण)** फार्म भरने हेतु अभ्यर्थी अपना स्वयं का सामने से लिया हुआ हल्के रंग के बैकग्राउंड वाला फोटो .jpg/.jpeg फार्मेट में स्कैन कर कर फाइल के रूप में रखें। जिसका अधिकतम साइज 100 kb एवं न्यूनतम साइज 50 kb का हो,

22 Jul 2026

Exam Controller
Chhattisgarh Staff Selection Board
Nava Raipur Atal Nagar

सेव कर रखें। (फाइल का नाम अल्फान्यूमेरिक में रखें, बीच में अंतराल तथा डॉट का प्रयोग न करें), साथ ही अभ्यर्थी अपने स्वयं के हस्ताक्षर का फोटो भी स्कैन कर कर एक अलग .jpg/.jpeg फार्मेट में फाइल के रूप में रखे। जिसका अधिकतम साइज 100 kb एवं न्यूनतम साइज 50 kb का हो, सेव कर रखें।

**9. परीक्षा शुल्क के सम्बंध में –**

अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय निर्धारित परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से करना है । छत्तीसगढ़ शासन, कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर के पत्र क्र. एफ 5–20/2015/जन.नि./42 नया रायपुर, दिनांक 14.12.2015 के अनुपालन में परीक्षा शुल्क लिया जा रहा है ।

| | |
|---|---|
| सामान्य वर्ग | – रू. 350.00 |
| अन्य पिछड़ा वर्ग | – रू. 250.00 |
| अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग | – रू. 200.00 |

छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर का पत्र क्र. क्रमांक RULE-8/2/2024-GAD-1 दिनांक 21.04.2025 के परिपालन में परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी परीक्षार्थी, जो परीक्षा में उपस्थित होंगे, उन्हें उनके द्वारा दी गई परीक्षा शुल्क की राशि उसी बैंक खाता में वापस की जायेगी, जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है ।

## महत्वपूर्ण जानकारी

**1. प्रोफाइल संबधित जानकारी–**

अभ्यर्थी **प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण)** में दी गई जानकारी के आधार पर ही ऑनलाइन आवेदन भर सकेगा। ऑनलाइन आवेदन के आधार पर ही CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) परीक्षा परिणाम तैयार करता है । ऑनलाइन आवेदन करने के पूर्व अपने **प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण)** की जानकारियों को अवश्य जाँच लें तदुपरांत ही ऑनलाइन आवेदन सबमिट करें ।

**2. पात्रता :–**

आवेदन हेतु पात्रता के संबंध में विभागीय नियम देखें । केवल वे अभ्यर्थी पात्र होंगे जो विभागीय नियमों में दी गई शर्तें पूरी करते हों। **मात्र ऑनलाइन आवेदन पत्र भरना अथवा परीक्षा में सम्मिलित होना अभ्यर्थी को पात्र नहीं बनाता है ।**

**3. ऑनलाइन आवेदन करने की विधि :–**

ऑनलाइन आवेदन करने की विधि की जानकारी CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) वेबसाइट के "Instructions to fill the FORM" लिंक पर उपलब्ध है ।

**4. ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार करने की विधि :–**

4.1 मूलभूत जानकारी में सुधार करने हेतु अभ्यर्थी को अपने **प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण)** में सुधार करना होगा, तदुपरांत ही ऑनलाइन आवेदन में मूलभूत जानकारी सही दर्शित होगी। ऑनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् अतिरिक्त 03 दिवस का समय त्रुटि सुधार हेतु दिया गया है ।

4.1 ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टि अथवा निर्धारित समय सीमा में की गई त्रुटि सुधार के अनुसार ही CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) स्तर से प्रवेश पत्र जारी किया जावेगा।

**5. प्रवेश पत्र संबंधी जानकारी :–**

परीक्षा के लगभग 07 दिन पूर्व प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) की वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा। अभ्यर्थी अपनी प्रोफाइल में जाकर प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) डाउनलोड कर सकते हैं।

Exam Controller
Chhattisgarh Staff Selection Board
Nava Raipur Atal Nagar

अभ्यर्थी संपूर्ण प्रवेश पत्र पूर्णतः डाउनलोड करें और उसका प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जायें। परीक्षार्थियों को डाकघर के माध्यम से प्रवेश पत्र नहीं भेजा जावेगा। किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र के सम्बंध में कठिनाई होती है तो हेल्पलाइन नंबर 0771–2972780 एवं मोबाइल नंबर 8269801982 पर समय प्रातः 10:00 से सायं 5:30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं ।

परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी कम से कम दो घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित रहें, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सके एवं फ्रिस्किंग (Frisking) के उपरांत परीक्षा केंद्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके । यह उचित होगा कि, परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिन पूर्व ही अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भलीभॉति परिचित हो जावें । प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) पर अंकित समय के पश्चात् किसी को भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

**परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश –**

1. कृपया प्रवेश पत्र के सभी पेज का प्रिंट आउट लें और पेज के केवल एक तरफ प्रिंट करें । क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) की प्रवेश पत्र की प्रति परीक्षा केन्द्र में जमा हो जाएगी ।
2. परीक्षार्थी को परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र के साथ पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड जिसमें अभ्यर्थी का फोटो हो, का एक मूल पहचान पत्र परीक्षा दिवस में परीक्षा केन्द्र में लाना अनिवार्य होगा । मूल पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।
3. परीक्षार्थी, परीक्षा के दिन, परीक्षा प्रारंभ समय से कम से कम 2 घंटा पहले परीक्षा केन्द्र में अनिवार्यतः उपस्थित रहे, जिससे परीक्षार्थी का सत्यापन एवं फ्रिस्किंग (Frisking) किया जा सके।
4. परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जावेगा। **प्रथम पाली की परीक्षा पूर्वान्ह 10:00 बजे है, इसलिए 9:30 बजे एवं द्वितीय पाली की परीक्षा अपरान्ह 2:00 बजे है, इसलिए 1:30 बजे मुख्य द्वार बंद कर दिया जावेगा ।**
5. हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने जाए। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरून, बैंगनी रंग व गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना वर्जित होगा ।
6. फुटवियर के रूप में चप्पल पहनें।
7. कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है।
8. परीक्षा के प्रथम आधा घंटा एवं आखिरी आधा घंटा में परीक्षा कक्ष से बाहर जाना वर्जित है।
9. परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित है।
10. निर्देशों का पालन न करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जायेगा । परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जावेगी ।
11. धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जाँच से गुजरना पड़ेगा तभी ऐसे पोशाक की अनुमति होगी।

**6. हेल्प लाइन संबंधी जानकारी :–**

ऑनलाइन आवेदन भरने में किसी प्रकार की दिक्कत होने पर कार्य दिवसों में प्रातः 10:00 से सायं 5:30 बजे (कार्यालयीन समय) के बीच 0771–2972780 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही अवकाश के दिनों में मोबाइल नंबर 8269801982 पर समय प्रातः 10:00 से सायं 5:30 बजे तक संपर्क किया जा सकता है ।

**7. पाठ्यक्रम संबंधी जानकारी :–**

परीक्षा हेतु सम्बंधित विभाग द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) वेबसाइट के “Syllabus” लिंक पर उपलब्ध है।

22 Jul 2026

Exam Controller
Chhattisgarh Staff Selection Board
Nava Raipur Atal Nagar

8. परीक्षा कक्ष में प्रवेश :–

परीक्षा कक्ष में अभ्यर्थी केवल निम्नलिखित सामग्री लाएं –

(1) प्रवेश पत्र

(2) काला या नीला बाल पॉइंट पेन

(3) फोटोयुक्त पहचान पत्र के रूप में मतदाता पहचान पत्र/ड्रायविंग लायसेंस/पेन कार्ड/आधार कार्ड आदि की मूलप्रति

**फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।**

9. परीक्षा पद्धति :–

**सेट की परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होंगे । प्रश्न पत्र में केवल बहुउत्तरीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे ।**

| प्रश्न पत्र | अंक | प्रश्नों की संख्या | समयावधि |
|---|---|---|---|
| I | 100 | 50 प्रश्न – सभी अनिवार्य | 1 Hour (10.00 A.M. to 11.15 A.M.) |
| II | 200 | 100 प्रश्न – सभी अनिवार्य | 2 Hours (2.00 P.M. to 4.15 P.M.) |

**Paper I** - प्रथम प्रश्न पत्र सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य है । यह प्रश्न पत्र साधारण प्रकृति का है जिसमें अभ्यर्थियों के पठन–पाठन एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति का आकलन के लिए तथा अभ्यर्थियों की तार्किक क्षमता, समझने की योग्यता, विस्तृत एवं विविध सोच, सामान्य जागरूकता आदि के परीक्षा के लिए प्रश्न पूछे जावेंगे। इस प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न होंगे; जिसमें से अभ्यर्थी द्वारा सभी 50 प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न हेतु 02 अंक निर्धारित होंगे।

**Paper II**- इस प्रश्न पत्र में अभ्यर्थी द्वारा चयन किये गये विषय के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमें प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित है।

**नोट :– प्रथम प्रश्न पत्र एवं द्वितीय प्रश्न पत्र में ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किये जायेंगे ।**

**10. परीक्षा परिणाम घोषित करने की प्रकिया एवं मापदण्ड –**

This will comprise of the following :

"TOP 6% of the appearing candidates who appear in Paper I & Paper II both and secure at least 40% aggregate marks in both the papers taken together for candidates belonging to General Category and at least 35% aggregate marks for candidates belonging to reserved categories, viz. SC, ST, OBC (belonging to Non Creamy Layer) & PWD and Transgender will be declared qualified for eligibility for Assistant Professor by following the reservation policy of the State Government.

It may be noted the above qualifying criteria is final and binding."

11. दावा/आपत्ति का निराकरण :–

11.1 CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) वेबसाइट पर दावा आपत्ति हेतु परीक्षार्थी को अपना पंजीयन क्रमांक (प्रोफाइल आई डी) एवं जन्म तिथि डालकर लॉगिन करना होगा और निर्देशानुसार दावा आपत्ति दर्ज करानी होगी ।

11.2 परीक्षा उपरांत CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) द्वारा जारी मॉडल उत्तर पर यदि परीक्षार्थी को आपत्ति हो तो नियत अवधि के भीतर सप्रमाण दावा/आपत्ति (किसी गाइड बुक का प्रमाण मान्य नहीं होगा) दर्ज करना होगा।

22/01/2026

Exam Controller
Chhattisgarh Staff Selection Board
Nava Raipur Atal Nagar

11.3 ऑनलाइन दावा–आपत्ति दर्ज करने हेतु परीक्षार्थी को प्रति प्रश्न रू. 50/– शुल्क (ऑनलाइन के माध्यम से) देना होगा । शुल्क भुगतान के बिना दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगा ।

11.4 डाक/ई–मेल द्वारा या CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत किये गये दावा–आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा।

11.5 दावा आपत्ति दर्ज कराने की विस्तृत प्रक्रिया का मेनुअल वेबसाइट पर उपलब्ध है।

11.6 दावा आपत्ति करने से पूर्व आपत्ति के पक्ष में दिये जाने वाले की सॉफ्ट कॉपी अपलोड हेतु तैयार रखें एवं आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया पूर्ण होने पर इसकी पावती डाउनलोड अवश्य कर लें ।

11.7 बिना प्रमाण का दावा/आपत्ति को अमान्य किया जावेगा।

11.8 प्रत्येक प्रश्न का दावा/आपत्ति अलग–अलग प्रस्तुत करना होगा। एक साथ एक से अधिक प्रश्नों पर दावा/आपत्ति प्रस्तुत करने पर अमान्य किया जायेगा ।

11.9 प्राप्त दावा/आपत्ति का विषय विशेषज्ञों द्वारा निराकरण किया जाता है । परीक्षण पश्चात् विषय विशेषज्ञों द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। तदानुसार अंतिम उत्तर तैयार किया जाएगा।

11.10 अंतिम उत्तर के आधार पर उत्तर पुस्तिकाओं (ओ.एम.आर.) का मूल्यांकन किया जाएगा।

11.11 परीक्षा परिणाम के साथ अंतिम उत्तर जारी किया जाएगा। **अंतिम उत्तर पर किसी भी प्रकार का पुनः दावा/आपत्ति मान्य नहीं किया जावेगा।**

**12. त्रुटिपूर्ण प्रश्न का विलोपन के सम्बंध में–**

1. प्रश्न की संरचना गलत है,
2. कोई भी विकल्प सही नहीं है,
3. किसी प्रश्न के हिन्दी और अंग्रेजी रुपांतरण में अंतर है, जिसके कारण दोनों के भिन्न–भिन्न अर्थ निकलते हैं तद्नुसार एक भी विकल्प सही नहीं है।
4. मुद्रण त्रुटि है, जिससे सही उत्तर प्राप्त नहीं हो रहा है।

नोट :– **विलोपित प्रश्न पर सभी अभ्यर्थियों को समान रूप से उस प्रश्न पर आबंटित अंक, बोनस अंक के रूप में प्रदान किया जायेगा ।**

**13. किसी प्रश्न के एक से अधिक सही विकल्प होने की स्थिति में विषय–विशेषज्ञों के निर्णय अनुसार सभी सही विकल्प मान्य होंगे ।**

**14.** परीक्षा परिणाम :–

संबंधित विभाग के नियमों के आधार पर प्राप्तांक घोषित की जावेगी। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम वेबसाइट https://cgssb.cgstate.gov.in पर **देख सकते हैं तथा प्रिंट प्राप्त** कर सकते हैं।

**15.** पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन :–

**CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) द्वारा उत्तरशीट (ओ.एम.आर.) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. मशीन से किया जाता है, अतः पुनर्गणना/पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है।**

**16.** क्षेत्राधिकार (JURISDICTION) :–

**CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) का दायित्व मात्र परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम जारी करने तक सीमित है। दस्तावेज परीक्षण एवं सत्यापन/चयन/नियुक्ति की प्रकिया** CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) **द्वारा नहीं किया जाता है।**

Exam Controller
Chhattisgarh Staff Selection Board
Nava Raipur Atal Nagar

17. CGSSB (पूर्व नाम व्यापम) द्वारा जारी परीक्षा जिला कोड तथा समन्वयक केन्द्रों के नाम —

| क्र. | जिला का नाम | जिला कोड | महाविद्यालय का नाम | दूरभाष नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सरगुजा (अम्बिकापुर) | 11 | राजीव गांधी शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, अम्बिकापुर | 07774–230921 |
| 2 | कोरिया (बैकुण्ठपुर) | 12 | शासकीय महाविद्यालय, बैकुण्ठपुर (कोरिया) | 07836–232252 |
| 3 | बिलासपुर | 13 | शासकीय ई. राघवेन्द्र राव,स्नातकोत्तर विज्ञान महा., बिलासपुर | 07752–246430 |
| 4 | धमतरी | 15 | बाबू छोटेलाल शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, धमतरी | 07722–237933 |
| 5 | दुर्ग | 16 | विश्वनाथ तामस्कर शासकीय कला एवं विज्ञान महा.,दुर्ग | 0788–2211688 |
| 6 | जगदलपुर (बस्तर) | 17 | शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | 07782–229340 |
| 7 | कांकेर | 20 | भानुप्रतापदेव शासकीय पी.जी. महाविद्यालय, कांकेर | 07868–222028 |
| 8 | रायगढ़ | 24 | किरोड़ीमल शास. कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रायगढ़ | 07762–222966 |
| 9 | रायपुर | 25 | शासकीय नागार्जुन पी.जी. विज्ञान महाविद्यालय, रायपुर | 0771–2263131 |
| 10 | राजनांदगाँव | 26 | शासकीय पी.जी. दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगाँव | 07744–225036 |

22 Jul 2026

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल
रायपुर

21.7.26

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा
ब्लॉक–3, द्वितीय एवं तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(फोन – 0771–2636413 फैक्स – 0771–2263412)
*(Email - highereducation.cg@gmail.com Website - www.highereducation.cg.gov.in)*

# छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (CG-SET) – 2026

## :: विस्तृत विज्ञापन ::

क्रमांक / /**CG-SET** –26/2026 नया रायपुर, अटल नगर दिनांक

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (नेट ब्यूरो) द्वारा छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा **CG-SET** हेतु "राज्य एजेंसी" के रूप में नियत किया गया है। सेट परीक्षा हेतु पात्र उम्मीद्वारों से ऑनलाइन आवेदन पत्र छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) के वेबसाइट ***https://cgssb.cgstate.gov.in*** पर आमंत्रित किये जाते है।

1. (अ) पात्रता की शर्ते (शैक्षणिक योग्यता) :–

सेट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए स्नातकोत्तर उपाधि या समकक्ष परीक्षा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 55 प्रतिशत (न्यूनतम 55 प्रतिशत के अंको को राउण्ड आफ नहीं किया जावेगा)(अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमिलेयर)/दिव्यांगजन/उभयलिंगी के लिए 50 प्रतिशत) अंक के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा (न्यूनतम 50 प्रतिशत के अंको को राउण्ड आफ नहीं किया जावेगा)। वे उम्मीद्वार भी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है जो स्नातकोत्तर या समकक्ष उपाधि की परीक्षा में सम्मिलित हो रहे है, परन्तु उन्हे उक्त स्नातकोत्तर या समकक्ष परीक्षा SET परीक्षा के परिणाम की तिथि से 2 वर्ष के अन्दर न्यूनतम निर्धारित प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना होगा।

नोट :– (i) अंको में छूट एवं आरक्षण संबंधी लाभ केवल छत्तीसगढ़ के मूल/स्थानीय निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमिलेयर) तथा दिव्यांगजन के अभ्यर्थियों को देय होगा।

(ii) किसी भी विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में यू.जी.सी. द्वारा जारी सेट परीक्षा मार्गदर्शिका 2023 में दिये गये प्रावधान मान्य होगें।

(iii) वे अभ्यर्थी जिनके द्वारा भारतीय विश्वविद्यालय/संस्था से स्नातकोत्तर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया है अथवा विदेशी विश्वविद्यालय/संस्था से डिग्री/डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्राप्त किया गया है, वे स्वयं के हित में ये सुनिश्चित करेंगे कि उनके द्वारा प्राप्त डिग्री/डिप्लोमा/सर्टिफिकेट भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों के स्नातकोत्तर उपाधि के समतुल्य है।

(ब) आयु सीमा :– अधिकतम आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है।

2. परीक्षा के विषय :–

(i) प्रश्न पत्र–I सभी–परीक्षार्थियों के लिए अनिवार्य है।

(ii) प्रश्न पत्र–II विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अनुशंसित निम्न 30 विषय/विषय समूह में आयोजित की जावेगी।

क्रमशः.....

| स.क. | विषय | स.क. | विषय |
|---|---|---|---|
| 01 | हिन्दी (Hindi) | 16 | मनोविज्ञान (Psychology) |
| 02 | अंग्रेजी (English) | 17 | ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान (Library and Information Science) |
| 03 | राजनीति विज्ञान (Political Science) | 18 | शारीरिक शिक्षा (Physical Education) |
| 04 | अर्थशास्त्र (Economics) | 19 | गृह विज्ञान (Home Science) |
| 05 | समाजशास्त्र (Sociology) | 20 | पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागरीय और ग्रहीय विज्ञान (Earth, Atmospheric, Ocean and Planetary Sciences) |
| 06 | इतिहास (History) | 21 | मानवशास्त्र (Anthropology) |
| 07 | भूगोल (Geography) | 22 | संगीत (Music) |
| 08 | भौतिकी विज्ञान (Physical Sciences) | 23 | कला मंच–नृत्य, नाटक, थियेटर (Performing Arts – Dance, Drama, Theatre) |
| 09 | गणितीय विज्ञान (Mathematical Sciences) | 24 | फाईन आर्ट एवं मूर्तिकला (दृश्य कलाएँ) (Fine Art and Sculpture (Visual Arts)) |
| 10 | रसायन विज्ञान (Chemical Sciences) | 25 | योग (Yoga) |
| 11 | जीवन विज्ञान (Life Sciences) | 26 | लोक प्रशासन (Public Administration) |
| 12 | कम्प्यूटर साईस एण्ड एप्लीकेशन (Computer Science & Applications) | 27 | रक्षा और स्त्रातेजिक अध्ययन (Defence And Strategic Studies) |
| 13 | वाणिज्य (Commerce) | 28 | दर्शन शास्त्र (Philosophy) |
| 14 | विधि (Law) | 29 | प्रबंधन (Management) |
| 15 | संस्कृत (Sanskrit) | 30 | जन संचार और पत्रकारिता (Mass Communication & Journalism) |

3. परीक्षा पद्धति :–

**(i)** सेट की परीक्षा में दो प्रश्न पत्र होंगे। सभी प्रश्न पत्र में केवल बहुविकल्पीय वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे।

| प्रश्न पत्र | अंक | प्रश्नों की संख्या | समयावधि |
|---|---|---|---|
| I | 100 | 50 प्रश्न – सभी अनिवार्य | 1 Hour |
| II | 200 | 100 प्रश्न – सभी अनिवार्य | 2 Hour |

**Paper I -** प्रथम पश्न पत्र सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य है। यह प्रश्न पत्र साधारण प्रकृति का है जिसमें अभ्यर्थियों के पठन–पाठन एवं अनुसंधान की प्रवृत्ति का आकलन के लिए तथा अभ्यर्थियों की तार्किक क्षमता, समझने की योग्यता, विस्तृत एवं विविध सोच, सामान्य जागरूकता आदि की परीक्षा के लिए प्रश्न पूछे जावेंगे। इस प्रश्न पत्र में 50 प्रश्न होंगे; जिसमें से अभ्यर्थी द्वारा सभी 50 प्रश्नों का उत्तर देना अपेक्षित है। प्रत्येक प्रश्न हेतु 02 अंक निर्धारित होंगे। जब भी दृष्टि वाले अभ्यर्थियों के लिये ग्राफिकल/चित्रात्मक प्रश्न निर्धारित किये जायेंगे, तो दृष्टि बाधित अभ्यर्थियों के लिए उनके स्थान पर, गद्यांश आधारित प्रश्न समान संख्या एवं समान अधिभार वाले निर्धारित किये जायेंगे।

**Paper II -** इस प्रश्न पत्र में अभ्यर्थी द्वारा चयन किये गये विषय के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम पर आधारित 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जायेंगे जिसमें प्रत्येक प्रश्न के लिए 02 अंक निर्धारित है।

नोटः– प्रथम प्रश्न पत्र एवं द्वितीय प्रश्नपत्र में ऋणात्मक मूल्यांकन नहीं किये जायेंगे।

क्रमशः......

| गणितीय विज्ञान, पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागरीय और ग्रहीय विज्ञान, कला मंच–नृत्य,नाटक थियेटर एवं संगीत के पाठ्यक्रम संबंधी निर्देश |
| --- |
| 1. गणितीय विज्ञान – पेपर–2 (Unit 1) – 60 प्रश्न सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य है।<br>पेपर–2 (Unit 2 & 3) – 40 प्रश्न केवल गणित विषय का चयन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए।<br>पेपर–2 (Unit 4) – 40 प्रश्न केवल सांख्यिकी विषय का चयन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए।<br>2. पृथ्वी, वायुमंडलीय, महासागरीय और ग्रहीय विज्ञान –<br>पेपर–2 (PART A) – 60 प्रश्न सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य है।<br>पेपर–2 (PART B) – निम्नांकित में से कोई एक का चयन करें, जिसमें से 40 प्रश्न होंगे।<br>(I) GEOLOGY/ (II) PHYSICAL GEOGRAPHY/ (III) GEOPHYSICS/ (IV) METEOROLOGY/ (V) OCEAN SCIENCES<br>3. कला मंच–नृत्य,नाटक थियेटर – पेपर–2 – ईकाई I. II, III, IV एवं V से 50 प्रश्न सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य है।<br>पेपर–2 – ईकाई VI, VII, VIII, IX एवं X से 50 प्रश्न के लिए नृत्य या नाटक और थियेटर में से किसी एक का चयन करना होगा।<br>4. संगीत – पेपर –2– ईकाई I. II, III, एवं IV से 40 प्रश्न सभी अभ्यर्थियों के लिए अनिवार्य है।<br>पेपर–2 –ईकाई V, VI, VII, VIII, IX एवं X से 60 प्रश्न के लिए निम्न में से किसी एक का चयन करें।<br>(I) हिन्दुस्तानी संगीत (II) कर्नाटक संगीत<br>(III) अवनद्ध वांद्य (IV) रबीन्द्र संगीत<br>(उपरोक्त विकल्पों का चयन ऑनलाईन आवेदन फार्म भरते समय करना अनिवार्य होगा। परीक्षा दिवस के दिन ओ.एम.आर. पर ऐच्छिक भाग के चयन की कोड सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।) |

**(ii)** परीक्षा परिणाम घोषित करने की प्रकिया एवं मापदण्ड –

This will comprise of the following :

*"TOP 6% of the appearing candidates who appear in Paper I & Paper II both and secure at least 40% aggregate marks in both the papers taken together for candidates belonging to General Category and at least 35% aggregate marks for candidates belonging to reserved categories, viz. SC, ST, OBC (belonging to Non Creamy Layer) & PWD and Transgender will be declared qualified for eligibility for Assistant Professor by following the reservation policy of the State Government.*

*It may be noted the above qualifying criteria is final and binding."*

(iii) दिव्यांगजनों को सहलेखक की सुविधा के लिए छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा जारी दिशा निर्देश लागू होगें।

4. सेट परीक्षा का आयोजन राज्य के शासकीय तथा अशासकीय (सहायता प्राप्त तथा गैर सहायता प्राप्त) महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक, ग्रंथपाल, कीड़ा अधिकारी तथा राज्य विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक, सहायक ग्रंथपाल, सहायक संचालक (शारीरिक शिक्षा) की नियुक्ति हेतु पात्रता निर्धारण के लिए है।

5. दिव्यांगजनो को आरक्षण छ.ग. सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय–समय पर जारी निर्देशों/नियमों के अधीन प्रदान किया जावेगा। छत्तीसगढ़ राजपत्र दिनांक 25.02.2026 के अनुसार विषयवार उपयुक्त चिन्हांकित दिव्यांगजनों के प्रकार की सूची निम्नानुसार है –

| क. | विषय | उपयुक्त चिन्हांकित दिव्यांगता का प्रकार |
|---|---|---|
| 1 | Hindi, English, Sociology, History, Geography, Economics, Sanskrit, Law, Anthropology, Public Administration, Philosophy, Home Science, Political Science, Psychology, , Library & Information Science, Mass Communication & Journalism, Defence And Strategic Studies, | B, LV, HH, OA, OL, BL, BA, OAL, BLOA, DW. AAV, SLD, LC, MDY, SD, SI |
| 2 | Physical Sciences, Mathematical Sciences, Chemical Sciences , Life Sciences Computer Science & Application, Commerce, Earth Atmospheric Ocean and Planetary Sciences, Management | LV, HH, OA, OL, BL, DW, AAV, SLD, MDY, LC, SD, SI |
| 3 | Music | B, LV, OA, OL, BL, BA, BLA, OAL, BLOA, DW, AAV, SLD, LC, MDY, SD, SI |
| 4 | Performing Arts - Dance, Drama, Theatre | LV, HH, DW, AAV, SLD, LC |
| 5 | Fine Art and Sculpture (Visual Arts) | B, LV,HH, OL, BL, DW, AAV, SLD, LC, MDY, SD, SI |
| 6 | Physical Education, Yoga | LV, D, HH, DW, AAV, SLD, LC |

**(CATEGORY ABBREVIATIONS USED:** B=Blind, LV=Low Vision, D=Deaf, HH= Hard of Hearing, OA=One Arm, OL=One Leg, SD=Spinal Deformity, SI=Spinal Injury, BA=Both Arms, BL=Both Leg, OAL-One Arm and One Leg, BLOA=Both Leg & One Arm, BLA=Both Legs Arms, CP-Cerebral Palsy, LC-Leprosy Cured, Dw=Dwarfism, AAV=Acid Attack Victims, MDy Muscular Dystrophy, ASD Autism Spectrum Disorder (M= Mild, MoD=Moderate), ID= Intellectual Disability, SLD= Specific Learning Disability, MI= Mental Illness, MD=Multiple Disabilities, SD = Spinel Deformity, SI= Spinel Injuery)

6. परीक्षा पाठ्यक्रम, परीक्षा शुल्क भुगतान एवं सेट से सम्बंधित अन्य विस्तृत शर्तें व जानकारी छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल के वेबसाइट ***https://cgssb.cgstate.gov.in*** पर उपलब्ध रहेगी।

7. अंग्रेजी तथा हिन्दी में मुद्रित प्रश्नों मे किसी भी प्रकार का अन्तर पाये जाने पर अंग्रेजी में मुद्रित प्रश्न ही अन्तिम माना जायेगा।

8. सेट हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन ही स्वीकार किये जावेंगे। किसी प्रकार का मैनुअल (ऑफलाईन) अथवा डाक द्वारा भेजे गये आवेदन पत्र स्वीकार्य नहीं होंगे।

परीक्षा निर्देश :– छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा जारी परीक्षा निर्देश छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल की वेबसाइट ***https://cgssb.cgstate.gov.in*** पर उपलब्ध रहेगें, जिसमें ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप, आवेदन पत्र भरने की विधि, आवेदन पत्र में फोटो एवं हस्ताक्षर स्केन करने एवं अपलोड करने की विधि, ऑनलाइन पेमेंट करने की विधि, अभ्यर्थी को प्राप्त रजिस्ट्रेशन आई.डी. नंबर के आधार पर ऑनलाइन एडमिट कार्ड प्राप्त करने की विधि तथा जानकारियॉं उपलब्ध रहेगी।

उक्त विज्ञापन छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) की सहमति से जारी किया जा रहा है। उक्त पात्रता परीक्षा का आयोजन अपरिहार्य कारणों से कभी भी स्थगित अथवा निरस्त किया जा सकता है। इसके लिए कारण बताने की अनिवार्यता नहीं होगी।

Digitally signed by
RITA YADAV
Date: 13-07-2026
12:41:13

आयुक्त
उच्च शिक्षा संचालनालय,
छत्तीसगढ़